2

निबंधित/ई–मेल पत्र सं0–3बी0/स्था0:–13(मार्गदर्शन)–52/2023

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग।

(wrdbihso03@gmail.com)

प्रेषक,

सुशील कुमार मिश्र,
उप सचिव।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता,
जल संसाधन विभाग,
बिहार।

पटना , दिनांक–

विषयः– विभागान्तर्गत मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन क्षेत्रीय कार्यालयों में भंडारपाल, मोहर्रिर एवं राजस्व लिपिक(नियमित स्थापना) कर्मियों को क्षेत्रीय लिपिकीय संवर्ग में वर्गीकरण के पश्चात रिक्त हुए कुल–160 पदों को क्षेत्रीय लिपिकीय संवर्ग के निम्न वर्गीय लिपिक के पदबल में स्थानान्तरित किये जाने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य वेतन आयोग की अनुशंसा एवं वित्त विभागीय पत्रांक–3907 दिनांक–07.06.2017 तथा वित्त विभाग से प्राप्त परामर्श के आलोक में विभागीय पत्रांक–1515 दिनांक–27.06.2018, विभागीय पत्रांक–1059 दिनांक–19.10.2020 एवं विभागीय पत्रांक–4153 दिनांक–01.09.2025 द्वारा क्रमशः मोहर्रिर, राजस्व लिपिक(नियमित स्थापना) एवं भंडारपाल के पद पर कार्यरत कर्मियों को क्षेत्रीय लिपिकीय संवर्ग में शामिल करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त के आलोक में विभागीय पत्रांक–4152 दिनांक–01.09.2025 द्वारा मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन क्षेत्रीय स्थापना के कुल–362 रिक्त पदों (भंडारपाल, मोहर्रिर एवं राजस्व लिपिक(नियमित स्थापना)) को क्षेत्रीय लिपिकीय संवर्ग के निम्न वर्गीय लिपिक के पदबल में स्थानान्तरित किये जाने हेतु विभागीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

तदालोक में मुख्य अभियंता परिक्षेत्राधीन क्षेत्रीय कार्यालयों में भंडारपाल, मोहर्रिर एवं राजस्व लिपिक(नियमित स्थापना) के पद पर कार्यरत कर्मियों को क्षेत्रीय लिपिकीय संवर्ग में वर्गीकरण के पश्चात रिक्त हुए कुल–160 पदों (सूची संलग्न) को क्षेत्रीय लिपिकीय संवर्ग के निम्न वर्गीय लिपिक के पदबल में स्थानान्तरित किये जाने हेतु विभागीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

अतएव अनुरोध है कि उक्त के आलोक में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई संबंधी प्रतिवेदन विभाग को अविलम्ब उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त्।

विश्वासभाजन
ह0/–
(सुशील कुमार मिश्र)
उप सचिव।

ज्ञापांकः–3बी0/स्था0:–13(मार्गदर्शन)–52/2023 पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः– संयुक्त सचिव (प्रबंधन), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
उप सचिव।

ज्ञापांकः–3बी0/स्था0:–13(मार्गदर्शन)–52/2023 1579 पटना, दिनांकः– 07/04/2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सुशील
07.04.2026
उप सचिव।

Sec-3/B.K/om/margdarsan